## एक नजर में

### रेलवे बोर्ड दिल्ली के अधिकारी सोनकर से सकलेचा ने की भेंट

**नागदा।** नागदा जर्नलिस्ट क्लब के संस्थापक अध्यक्ष राजेश सकलेचा ने बुधवार सुबह 9 बजे नागदा रेल्वे स्टेशन पर पब्लिक इंटरप्राइजेज सिलेक्शन बोर्ड डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग गवर्मेंट ऑफ इंडिया फॉर्मर मेंबर इन इंफ्रास्ट्रक्चर रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के मेम्बर रूप नारायण सोनकर से दिल्ली से इन्दौर जाते समय अल्प समय के लिए नागदा प्लेटफार्म पर सादगी पूर्ण भेंट की गई तथा उन्हें पुष्पमाला व गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया। भेंट के दौरान सकलेचा ने सोनकर से चर्चा की गई। इस मौके पर सकलेचा के साथ नागदा जर्नलिस्ट क्लब के मीडिया प्रभारी जीवनलाल जैन एवं रेलवे के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### टंट्या मामा बलिदान दिवस व नौ सेना दिवस मनाया



**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में गुरुवार को क्रांति सूर्य टंट्या मामा बलिदान दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान देते हुए डॉ. दयाराम मुझाल्दा ने कहा कि टंट्या भील ब्रिटिश शासन के दौरान एक प्रमुख भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नायक थे। जिन्हें भारतीय रॉबिन हुड के रूप में भी जाना जाता था उनका जन्म 26 जनवरी 1842 को मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में हुआ था। वह अमीरों से धन छीनकर गरीबों में बांटते थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया। 4 दिसंबर 1889 को उन्हें अंग्रेजों द्वारा जबलपुर में फांसी दे दी गई थी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद ने टंट्या मामा भील को श्रद्धांजलि अर्पित। साथ ही नौसेना दिवस पर नौसेना के कार्य और देश की रक्षा में उनके महत्व से अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. श्यामलाल चौधरी ने तीनों भारतीय सेनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। शिक्षक डॉ. सुनील गुजराती, डॉ. प्रियंका चौबे, डॉ. रेखा सोलंकी, ओमप्रकाश कटरा, श्याम रावत, मनीष बैरागी, सरवन मालवीय व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### युवा उद्यमियों का महाकुंभ - 20 दिसंबर को उज्जैन में होगा यंग एंटरप्रेन्योर्स समिट

**उज्जैन।** युवा उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन, यंग एंटरप्रेन्योर्स समिट, 20 दिसंबर 2025 को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इस समिट का उद्देश्य युवा उद्यमियों को प्रेरित करना और उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी और संसाधन प्रदान करना है। आज, युवा उद्यमियों के फोरम द्वारा समिट के पूर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्री रोशन सिंह जी ने भाग लिया। उन्होंने उज्जैन के विकास और सरकार द्वारा उद्यमियों के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर, ज़ेड ब्लैक के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने समिट के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इस समिट में ओयो रूम्स के सीईओ रितेश अग्रवाल और प्रसिद्ध यूट्यूबर राज शमानी जैसे वक्ता भाग लेंगे। समिट का उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, युवा उद्यमियों के फोरम के इंदौर सदस्य अधिवक्ता राहुल सेठी, सीए नितिन गरूड और उल्लास वैद्य भी उपस्थित थे। उल्लास वैद्य ने उद्योग लगाने की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जो युवा उद्यमियों के लिए फायदेमंद हो सकती हैं। युवा उद्यमियों के फोरम के उज्जैन अध्यक्ष दिलीप पार्यानी ने यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह फोरम युवा उद्यमियों को एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और एक दूसरे से सीख सकते हैं।

### अष्टमी पर उज्जैन गूंजेगा जय श्री हनुमान, निकलेगी 25 किमी लंबी अलौकिक 108 श्री हनुमान दर्शन यात्रा

**उज्जैन।** आध्यात्म, परंपरा और भक्ति की अनोखी छटा समेटे 25 किलोमीटर लंबी 108 श्री हनुमान दर्शन यात्रा इस श्री हनुमान अष्टमी पर नगर में भव्यता के साथ निकलेगी। शुक्रवार प्रातः 7 बजे अंकपात स्थित उत्तरामुखी श्री हनुमान मंदिर से आरंभ होकर यह दिव्य यात्रा कार्तिक चौक स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर पर पूर्ण होगी। आयोजनकर्ता धर्म विज्ञान शोध ट्रस्ट लगातार वर्षों से इस अद्वितीय परंपरा को संजोए हुए है। धर्म विज्ञान शोध ट्रस्ट के अथर्व जोशी ने बताया कि यह यात्रा वर्षों से जारी है। संत समागम के समय 108 श्री हनुमान यात्रा आसपास के क्षेत्रों को समन्वित करके पूर्ण होती थी। पं. स्व. गोपालकृष्ण जोशी इस यात्रा को घोड़े पर बैठकर अपने साथियों के साथ किया करते थे। इसके उपरांत स्व. बंशीधर जोशी ने पैदल और सायकिल पर यात्रा पूर्ण कर परम्परा को जारी रखा इसके उपरांत जगदीश चंद्र जोशी चैतन्य अपने शिष्यों के साथ यात्रा की। भक्त अपनी श्रद्धा अनुसार 1, 5, 11, 21, 51 या 108 मंदिरों के दर्शन का संकल्प ले सकते हैं। यात्रा को किसी भी माध्यम से जैसे पैदल, बाइक, कार या अन्य किसी वाहन से इसे सहजता से पूरा किया जा सकता है। सभी भक्त बिना किसी प्रदर्शन के, केवल मन में राम नाम का स्मरण करते हुए यात्रा संपन्न करेंगे। जानकारी ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी अमित माथुर ने दी।

### मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा आवासहीन व्यक्तियों को आवासीय पट्टे जारी किए जाएंगे

**महिदपुर।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल तथा राजस्व विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक एफ. 4209/2025/18-3 भोपाल दिनांक 17.11.2025 के अनुसार मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम, 1984 के अन्तर्गत आवासीय भूमि के पट्टे दिये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। प्राप्त निर्देशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महिदपुर द्वारा राजस्व एवं नगरपालिका का संयुक्त दल गठित कर नगरीय क्षेत्र के आवासहीन पात्र हितग्राहियों का सर्वे कार्य दिनांक 13.12.2025 तक करवाये जाने हेतु आदेश जारी किया है। नगरीय क्षेत्र के समस्त पात्र हितग्राही जो दिनांक 31.12.2020 की स्थिति में शासकीय/नगरीय निकाय की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज हैं वह अपने दस्तावेज (दिनांक 31.12.2020 के पूर्व का बिजली बिल, नगरपालिका की टैक्स रसीद, अपने परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड एवं समग्र आई.डी.) संबंधित दल प्रभारी या नगरपालिका राजस्व शाखा कक्ष क्रमांक 02 में दिनांक 13.12.2025 से पूर्व जमा कर सकते हैं। उक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

### राजमिस्त्री एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

**उज्जैन।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास के कार्य समय सीमा में संपन्न करने की श्रृंखला में स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं जिले की अग्रणी बैंक-बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित) उज्जैन द्वारा 5 नवम्बर से चल रहे 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण सत्र का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में महिदपुर जनपद के 35 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत से परियोजना अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अजय भालसे मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उम्मीदवारों को नई तकनीक से भवन निर्माण के बारे मे विस्तार से समझाया गया तथा सम्पीड़ित स्थिर मिट्टी के ब्लॉक (सीएसईबी) बनाने की तकनीक तथा उन्हें बनाने का प्रायोगिक ज्ञान भी कराया गया। यह ब्लॉक पर्यावरण के अनुकूल रहते हैं तथा मजबूत भी अपेक्षाकृत अधिक होते हैं। इन ब्लॉक से बने भवनों में तापमान भी काफी कम रहता है।

# सुरक्षित कार्य संस्कृति निर्माण में सभी के सामूहिक प्रयास जरूरी : तिवारी





**नागदा।** परिवार, समाज और राष्ट्र के साथ अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य संस्कृति निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी के साथ सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी है। तभी हम बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा के संकल्प को पूरा कर सकते है।

यह बात बुधवार को मध्यप्रदेश शासन के औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग द्वारा ग्रेसिम बिरला हाउस सभागृह में आयोजित एक दिवसीय सुरक्षित कार्य संस्कृति प्रशिक्षण अभियान (युवा संगम) के शुभारंभ अवसर पर औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग डायरेक्टर नमिता तिवारी ने कही। इस मौके पर श्रीमती तिवारी ने श्रमिकों के हितों के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा बनाई कई विविध योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

उक्त जानकारी देते हुए ग्रेसिम जनसंपर्क अधिकारी कमल सेठी ने बताया कि प्रात 8 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिथि वक्ता डॉ एसबी मिश्रा और सुभावना कस्तूरिया ने भी विस्तार से स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित जानकारी साझा की। कार्यक्रम में विभाग के उप संचालक पी पटेरिया (इंदौर), हिमांशु सोलोमन भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नागदा की विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के साथ रतलाम, उज्जैन, नीमच, खोर, मेघनगर और इंदौर के 130 अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रोसेस सेफ्टी मैनेजमेंट, विजन जीरो हार्म, ऑक्युपेशनल सेफ्ट, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020, स्टोरेज हैंडलिंग ऑफ केमिकल्स के साथ इमरजेंसी प्रिपेयरडनेस विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में ग्रेसिम इकाई प्रमुख और अध्यक्ष शांतनु कुलकर्णी, लैंक्सेस इकाई प्रमुख सुनील गुलाटी, गुलब्रांडसन इकाई प्रमुख राजीव पाठक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मौजूद सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित सभी शासकीय अधिकारियों का स्वागत विभिन्न इकाईयों के प्रमुखों ने किया। कार्यक्रम दिवस के दिन भोपाल गैस त्रासदी दिवस होने से सभी ने इस तरह की त्रासदी कभी न हो, इसका संकल्प लेते हुए एक मिनट का मौन रखकर भोपाल हादसे में काल के ग्रास बने सभी व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौजूद सभी उपस्थितजनों को सुरक्षा शपथ ग्रेसिम मानव संसाधन प्रबंधन महाप्रबंधक अंकुर पारीक ने दिलवाई।

आभार व्यक्त करते हुए ग्रेसिम मानव संसाधन प्रबंधन उपाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने मध्यप्रदेश औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग के सुरक्षित कार्य संस्कृति प्रशिक्षण अभियान की ग्रेसिम नागदा से शुरुआत करने के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। इस मौके पर ग्रेसिम केमिकल डिवीजन मानव संसाधन प्रबंधन उपाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा के साथ नगर की सभी औद्योगिक इकाईयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरक्षा वरिष्ठ महाप्रबंधक जयंत कुमार, एडमिन महाप्रबंधक राहुल राजू के साथ संपूर्ण एचआरएम टीम की भूमिका सराहनीय रही। संचालन ग्रेसिम कार्मिक विभाग के डॉ. सुरेंद्र मीणा और दीप्ति रघुवंशी ने किया।




## अधिवक्ता दिवस पर अभिभाषक संघ ने किया वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान

**उज्जैन।** अधिवक्ता दिवस के अवसर पर मण्डल अभिभाषक संघ उज्जैन में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संघ अध्यक्ष ओम सारवान ने बताया कि 4 दिसंबर गुरुवार को संघ सभाकक्ष में अधिवक्ता दिवस पर वकालात व्यवसाय के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वकालात व्यवसाय के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके अधिवक्ताओं में श्रीपाद नाईक, सत्यनारायण व्यास, राशिद हुसैन, नंदकिशोर अग्रवाल, सत्यनारायण सोलपंखी, यशवंत नागर, राशिद उद्दीन, आशिक मोहम्मद काजी, ब्रजमोहन गेहलोत, हरीशंकर शर्मा, मोहम्मद शरीफ खान, नूर मोहम्मद का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संघ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मेहता, सचिव डॉ. प्रकाश चौबे, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सहसचिव सुमनलता चौऋषिया, कार्यकारिणी आरतीसिंह, ममता जोशी, प्रभा बैरागी सहित शेखर श्रीवास्तव, सुरेन्द्र चतुर्वेदी, मस्तानसिंह छाबड़ा, योगेश व्यास, संदीप मेहता, तनवीर एहमद, सुभाष यादव, अजीत वर्मा, प्रदीप जायसवाल, गजेन्द्र कुशवाह, हरीश राठौर, शक्ति वर्मा, जावेद डिप्टी, इमरान खान सहित बडी संख्या में अभिभाषक सदस्यगण उपस्थित थे।

## एबीपीएस के बच्चों ने हैदराबाद में जीते गोल्ड मेडल

**नागदा।** आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल नागदा के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने नेशनल स्किपिंग चैंपियनशिप, हैदराबाद में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नगर का नाम रोशन किया। मेडल जीतने वाले विद्यार्थियों में वैभव गुप्ता, ग्रंथ अग्रवाल, भाग्यम सिसोदिया, शिवन्या गहलोत, स्वरा गवारा, अविना खाटोलिया, हितांशी परमार, दिव्या साहनी, कनक परमार, खुशी भंडारी, वंशवर्धन सिंह राठौड़, ललित गेहलोद, हैदराबाद से लौटने पर नागदा रेलवे स्टेशन पर सभी बच्चों का स्वागत किया गया। स्वागत में सभी पालकगण उपस्थित रहे एवं ग्रेसिम एचएमएस यूनियन के नेता जगमालसिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल प्रशासन को भी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर अभिभावकों एवं नगरवासियों ने बधाई दी।

## कला शिक्षा विभाग में पटकथा लेखन पर व्याख्यान



**उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कला शिक्षा विभाग में आज आयोजित व्याख्यान में मुम्बई के युवा और प्रतिभाशाली कथाङ्कपटकथा लेखक प्रखर ठक्कर ने पटकथा लेखन की चुनौतियां विषय पर प्रभावशाली और प्रेरक व्याख्यान दिया।**

प्रखर ठक्कर ने अपने रचनात्मक सफर को साझा करते हुए बताया कि मम्मी-पापा के साथ बनाई पहली लघु फ़िल्म 'बारिश' ने उनके भीतर कहानी लिखने का बीज बोया। संघर्षों से भरी यात्रा में 'शेरदिल' जैसे प्रोजेक्ट में अवसर मिलना उनके करियर का महत्वपूर्ण मोड़ रहा। उन्होंने दशमी क्रिएशन के साथ अनेक कार्यों, बियॉन्ड ड्रीम्स की चर्चित सीरीज़ तेरे इश्क़ में घायल और साईं बाबा सीरियल से मिली व्यापक सफलता पर भी प्रकाश डाला। लेखन की व्यावहारिक कठिनाइयों पर उन्होंने कहा कि कई बार हर चीज़ शुरू होकर भी बिगड़ती चली जाती है पर यही क्षण लेखक को मजबूत बनाते हैं। अपनी शैली में मुस्कराते हुए उन्होंने कहा जब निराश होता हूँ, तो महंगा खाना ऑर्डर कर लेता हूं। उनकी बातों ने विद्यार्थियों को संघर्ष, निरंतरता और रचनात्मकता के महत्व से रूबरू कराया। कार्यक्रम में वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश दवे ने प्रेरक संबोधन देते हुए कहा जब एक राह बंद होती है, तो दूसरी खुल जाती है। रचनात्मकता की जड़ें कहां तक फैल जाएं, कहा नहीं जा सकता। उज्जैन का कलाकार जब देश-विदेश में पहचान बनाता है तो बेहद प्रसन्नता होती है। अतिथि परिचय डॉ. हेमलता ओझा दिया एवं संचालन योगिनी पितले ने किया। आभार शरद रावल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थी अमित माथुर, प्रकाश देशमुख, शशिधर नागर, भूषण जैन, ऋषि वर्मा, केतकी ओझा, ऋषि योगी, सतीश चोरड़िया, शिक्षकगण और कला-जगत से जुड़े अनेक प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# महाराज की स्मृति में भंडारे का आयोजन किया



**उज्जैन।** पूनम के अवसर पर महाकाल मंदिर के पास स्थित प्राचीन रुद्र भैरव मंदिर पर योगी बाबा बमबमनाथ सेवा समिति द्वारा तपस्वी योगी बमबमनाथ महाराज की स्मृति में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की शुरुआत भगवान को भोग अर्पित कर की गई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण शुरू हुआ। गब्बर बाबा और धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि शिप्रा किनारे चक्रतीर्थ क्षेत्र में निवासरत तपस्वी योगी बमबमनाथ महाराज का 29 नवंबर को निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को राजस्थान स्थित निजी आश्रम ले जाकर समाधि दी गई। तपस्वी योगी बमबमनाथ महाराज जीवनभर शहर में निःशुल्क भंडारे कर श्रद्धालुओं की सेवा करते रहे। उनके सेवा भाव और संदेश को आगे बढ़ाते हुए समिति द्वारा यह भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें महाकाल दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि गुरुजी अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका संदेश और सेवा भावना हमें प्रेरित करती रहेगी। हम आगे भी उनकी स्मृति में नियमित भंडारे करते रहेंगे और सनातन धर्म की सेवा में तत्पर रहेंगे। भंडारे के दौरान समिति पदाधिकारियों एवं मौजूद श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने उनके चरणों में नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योगी नर्मदानाथ, सीताराम, योगी पारसनाथ, करणनाथ, रोहित राव, ऋषभ कुशवाह, मुकुंद सिंह, धीरज भावसार, लकी, शशांक सेन, गगन सहित कई सेवकों ने अपनी सेवाएं दीं।



## जहरीली शराब बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**महिदपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला उज्जैन अभिषेक रंजन, एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा (भापुसे) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महिदपुर द्वारा टीम गठित कर अवैध शराब की धडपकड़ की गई और आरोपी मोहम्मद शरीफ पिता मोहम्मद हनीफ नागौरी उम्र 30 साल निवासी टेंशन चौराहा महिदपुर के कब्जे से चार लीटर जहरीली शराब जप्त कर अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा आरोपी लालु उर्फ खालिद पिता इकबाल शाह फकीर उम्र 35 वर्ष निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर के कब्जे से चार लीटर जहरीली शराब जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी गण को 2 दिसंबर को न्यायालय महिदपुर पेश किया गया। इस कार्रवाई में उनि एन एस कनेश, उनि अन्नपूर्णा कठेरिया, सउनि पन्नालाल अलावे, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र चौहान , प्रधान आरक्षक कालूराम, आरक्षक आदिराम, आरक्षक मोहरसिंह, आरक्षक प्रवीण, आरक्षक अनारसिंह की सराहनीय भूमिका रही।



## महिदपुर में प्रतिष्ठित डॉक्टर ने की बच्ची से छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज

**उज्जैन। महिदपुर के प्रतिष्ठित डॉ. विमल पाठक के खिलाफ पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ इलाज के दौरान छेड़खानी करने के आरोप में पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।**

डॉ. पाठक का धन्वंतरि मेडिकल और क्लीनिक है। इन पर आरोप है कि क्लीनिक पर पेट दर्द के इलाज के लिए आई एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ बेड टेच और छेड़खानी की। बालिका अपने मामा के साथ वहां इलाज के लिए गई थी। उस वक्त डॉ. पाठक ने उसे बोटल चढ़ाई। और फिर बेड टच शुरू कर दिया। बालिका ने पुलिस को बताया कि शुरू में वो कुछ समझ नहीं पाई। इस घटना के 3 दिन बाद बालिका फिर इलाज करवाने मामा के साथ गई तो डॉक्टर ने दोबारा वैसी ही हरकतें शुरू कर दी। जिससे बालिका घबरा गई और उसने घर जाकर मामा व मामी को पूरी बात बताई। परिवार जन ने मंगलवार शाम को करीब 4 बजे बच्ची को लेकर महिदपुर थाने पहुंचे। लेकिन डॉक्टर के प्रभावशाली होने के कारण देर रात तक जांच चलती रही। फिर बुधवार शाम को करीब 17.15 बजे तक डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज की है। एसडीओपी महिदपुर जेंडेन लिंगजेर्पा ने बताया कि डॉक्टर विमल पाठक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फिलहाल फरार है। जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**एक नजर** — टंट्या भील ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया

## अजाक्स ने टंट्या भील की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया



**उज्जैन।** कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा टंट्या भील की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी डी एल भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष डॉ आर एल परमार के नेतृत्व में टंट्या भील की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको याद किया और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहां की 1842 में खंडवा जिले के बड़दा गांव में जन्मे टंट्या भील ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया। वे गरीबों और वंचितों की सहायता के लिए जाने जाते थे। कहा जाता है कि वे अमीरों से लूटे गए धन को जरूरतमंदों में बांटकर उन्हें राहत पहुंचाते थे। ब्रिटिश शासन ने उनके प्रभाव और बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया और 4 दिसंबर 1889 को जबलपुर जेल में फांसी दे दी। उनके बलिदान को याद करते हुए संगठन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया और उनके योगदान को नमन किया गया। अजाक्स संगठन द्वारा 6 दिसंबर, शनिवार को कोठी पैलेस स्थित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर उनकी पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस मौके पर प्रांतीय सचिव महेश विरोलिया, संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी,पूर्व संभागीय सचिव रमेशचंद्र सूर्यवंशी, अविनाश गुजराती, बी एल सिंदल,जिला सचिव राजेश सूर्यवंशी राजेंद्र सिसोदिया, गिरधर मालवीय, अमृतलाल देवड़ा, कबीरपंथी रणजीत सिंह, आनंदीलाल सिसोदिया, शिव सिंह गुजराती, एडवोकेट प्रकाश डाबी, राहुल बारवाल, नितिन कर जोतकर, भारत गुप्ता, राजेश कुमारिया अभिषेक पंचोली, डीपी समरवाल, आनंद जायसवाल, मयूर मोहने, डॉ दिनेश बोरासी, चंदन सिंह हाडा,बाबूलाल यादव, विजय खांडेकर, प्रदीप सिसोदिया, सादिक खान, मुकेश चित्तौड़ा, अरुण वाडिया, एडवोकेट डीपी समरवाल, राजेश कुमारिया, नितिन कर्जोतकर, भारत गुप्ता, राहुल बारवाल, सुरेन्द्र चतुर्वेदी आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।